आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.11.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण कार्यक्रम का उद्‌घाटन करेंगे।
- भारतीय हॉकी के गौरवशाली सौ वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में कल राष्ट्रव्यापी समारोह मनाया जाएगा।
- विशेष गहन पुनरीक्षण–2025 के अंतर्गत दक्षिण अंडमान जिला कार्यालय में एक हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है।
- राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल में पर्यटकों की सुविधा के लिए आज से एक अतिरिक्त हिंदी ध्वनि एवं प्रकाश शो शुरू किया जा रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरण कार्यक्रम का उद्‌घाटन करेंगे। इस अवसर पर वह एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी करेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह दिन प्रत्येक भारतीय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने वंदे मातरम को एक प्रेरक आह्वान बताया जिसने पीढ़ियों को प्रेरित किया है और पूरे देश में देशभक्ति की स्थायी भावना को जागृत किया है। इस कार्यक्रम में सार्वजनिक स्थानों पर "वंदे मातरम" के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन होगा, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। वंदे मातरम की रचना बंकिमचंद्र चटर्जी ने अक्षय नवमी, 7 नवंबर 1875 को की थी। यह पहली बार साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में उनके उपन्यास आनंदमठ के एक भाग के रूप में प्रकाशित हुआ था। मातृभूमि को शक्ति, समृद्धि और दिव्यता के प्रतीक के रूप में आह्वान करते हुए, यह गीत भारत की एकता और राष्ट्रीय गौरव का स्थायी प्रतीक बन गया।

><><><><><><>

"वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, कला एवं संस्कृति निदेशालय, आज सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय सभागार में "वंदे मातरम" के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन आयोजित करेगा। इस अवसर पर कला एवं संस्कृति आयुक्त चंचल यादव मुख्य अतिथि होंगी। वंदे मातरम के 150 वर्ष, वंदे मातरम की भावना और भारत के इतिहास में इसकी अनूठी भूमिका का जश्न मनाने के लिए एक राष्ट्रीय स्मारक पहल है। पहली अक्टूबर को कैबिनेट ने 'वंदे मातरम' की 150वीं

वर्षगांठ पर देशव्यापी समारोहों को मंजूरी दी, ताकि नागरिकों, विशेषकर युवाओं और छात्रों को इस गीत की मौलिक, क्रांतिकारी भावना से जोड़ने के लिए एक प्रभावशाली आंदोलन को बढ़ावा दिया जा सके।

><><><><><>

भारतीय हॉकी के गौरवशाली सौ वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में कल राष्ट्रव्यापी समारोह मनाया जाएगा। शताब्दी समारोह के तहत 550 जिलों में 1400 से ज़्यादा मैच आयोजित किए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में सुबह 8 बज कर 30 मिनट पर शुरू होगा, जिसमें भारतीय हॉकी के गौरवशाली सफ़र को दर्शाने वाले कई विशेष कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में हॉकी के दिग्गजों को सम्मानित किया जाएगा। भारत की हॉकी विरासत को आकार देने वाले खिलाड़ियों की पीढ़ियों के श्रद्धांजलि स्वरूप आधिकारिक स्मारक खंड भारतीय हॉकी के 100 साल का भी विमोचन किया जाएगा। भारत को दुनिया का सबसे सफल हॉकी राष्ट्र का दर्जा प्राप्त है, जिसने आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक हासिल किए हैं और 13 बार ओलंपिक पोडियम फिनिश पर पहुंचा है।

><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद में दो उप–समितियों में आकस्मिक रिक्तियों को भरने के लिए चुनाव कराए गए, जिसमें पांडी सेल्वी को निर्माण, नगर नियोजन एवं सुधार उप–समिति का सदस्य और आर. सोमेश्वर राव को वित्त, कराधान एवं लेखा उप–समिति का सदस्य निर्वाचित घोषित किया गया।

><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 'शराब और नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव' पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व परियोजना सहायक ने किया। सत्र के दौरान चिकित्सा और पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। छात्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ई–प्रतिज्ञा के लिए एक क्यूआर कोड प्रदर्शित किया गया, जिससे छात्र डिजिटल रूप से प्रतिज्ञा ले सकें और नशे के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान में शामिल हो सकें।

><><><><><>

निर्वाचन आयोग की ओर से द्वीपसमूह में 2026 के लिए विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत द्वीपसमूह के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से निर्वाचकों के लिए

परामर्श जारी किया गया है। बूथ स्तरीय अधिकारी घर–घर जाकर पहले से भरे हुए गणना प्रपत्र वितरित करेंगे। निर्वाचकों को फार्म में दी गई जानकारी ध्यानपूर्वक जांचने, हाल का पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाने और आवश्यक विवरण भरने की सलाह दी गई है। निर्वाचक अपने या अपने अभिभावकों को 2002 की अंतिम मतदाता सूची में दर्ज नामों की जानकारी सीईओ वेबसाइट और ईसीआई पोर्टल पर देख सकते हैं। भरे हुए फार्म बी एल ओ द्वारा चार दिसम्बर से पहले एकत्र किए जाएंगे, वहीं नए मतदाता फार्म 6 के साथ सत्यापन प्रपत्र भर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मतदाता वोटर हेल्पलाईन 1950 से संपर्क कर सकते हैं।

><><><><><>

विशेष गहन पुनरीक्षण–2025 के अंतर्गत, आम जनता की सहायता के लिए दक्षिण अंडमान जिला कार्यालय में एक हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है। इस हेल्पडेस्क का उद्देश्य जनता के प्रश्नों का समाधान करना और चल रही एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करना है। इस हेल्पडेस्क की स्थापना भारत के चुनाव आयोग द्वारा अंडमान निकोबार द्वीप समूह में विशेष गहन पुनरीक्षण को लागू करने के निर्णय के अनुसरण में की गई है। यह हेल्पडेस्क दक्षिण अंडमान के जिला कार्यालय के चुनाव विभाग से संचालित होता है। आम जनता चुनाव संबंधी किसी भी सहायता के लिए सभी कार्य दिवसों में सुबह 8:30 बजे से शाम 5 बजे के बीच हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं।

><><><><><>

राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल में ध्वनि एवं प्रकाश शो देखने के लिए पर्यटकों की सुविधा के लिए आज से रात 8 बजकर 50 मिनट से साढ़े नौ बजे तक एक अतिरिक्त हिंदी शो आयोजित किया जाएगा। पोर्टल बुकिंग के लिए खुला है। इस बीच, शाम के समय नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप देखने के लिए, फीनिक्स बे जेट्टी से पर्यटकों के लिए बोट भी उपलब्ध कराई जा रही है। बोट प्रतिदिन दोपहर साढ़े तीन बजे रवाना होगा।

><><><><><>

खेल विभाग कल सुबह 8 बजे से नेताजी स्टेडियम खेल परिसर स्थित स्विमिंग पूल में पुरुषों और महिलाओं के लिए 'ओपन तैराकी प्रतियोगिता' का आयोजन करेगा। प्रतियोगिताएँ पुरुषों और महिलाओं के लिए 100 मीटर ओपन फ्री स्टाइल और 200 मीटर ओपन ब्रेस्ट स्ट्रोक श्रेणियों में आयोजित की जाएँगी। इसमें भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी आज रात 8 बजे तक तैराकी प्रशिक्षक डॉ. वी. सेल्वम के पास अपना

नाम पंजीकृत करा सकते हैं। पंजीकृत प्रतिभागियों से कल सुबह साढ़े सात बजे से पहले स्विमिंग पूल परिसर में उपस्थित रहने को कहा गया है।

इस बीच, आज होने वाली 'ज़िला स्तरीय एथलेटिक मीट' खराब मौसम के कारण स्थगित कर दी गई है। नई तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी।

**><><><><><>**

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरा होने के अवसर पर वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रमों का उद्घाटन करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने प्रमुखता से छापा है। द्वीप समाचार ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सदस्यों ने राष्ट्रपति से मुलाकात करने के समाचार को अपनी पहली हेडलाइन बनाई है। इंफो इंडिया ने बनगांव और आसपास के गांवों के लोगों के लिए फाइबर बोट सेवा शुरू करने के समाचार को प्रकाशित किया है, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने एसआईआर के तहत लोगों की सुविधा के लिए हेल्पडेस्क स्थापित करने के समाचार को प्रमुखता दी है।

**><><><><><>**